



# पंचायतों में नहीं बैठते पटवारी, किसान और ग्रामीण परेशान

## तहसील मुख्यालय में ही नजर आते हैं पटवारी, छोटे-छोटे कामों के लिए पटवारी की तलाश में भटकते हैं ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 नवम्बर, रीवा जिले के गुढ़ तहसील में पदस्थ पटवारी अपने-अपने पंचायत के कामों के लिए अपने मुख्यालय में नियमित रूप से नहीं बैठ रहे हैं. जिससे किसानों को अपनी जमीन संबंधी समस्याओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है.**




पटवारियों के मुख्यालय न आने के कारण, किसानों को छोटे-मोटे कामों के लिए भी दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है,जिससे राजस्व विभाग के काम प्रभावित हो रहे हैं और अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. जो कि कलेक्टर का खुला आदेश है की पटवारी 2 दिन अपने हल को में समय दें और जो पटवारी दो पंचायत के प्रभार में है वह एक-एक दिन अपने पंचायत में समय दें ताकि किसानों को तहसील मुख्यालय तक न भटकना पड़े लेकिन इसके बावजूद भी पटवारी कलेक्टर के आदेशों को दरकिनार करते हुए अपना कार्य कर रहे हैं उनको किसानों की समस्या से कोई लेना देना नहीं रहता है वह सिर्फ अपने जुगाड़ में इधर-उधर लगे रहते हैं. कई पटवारी ऐसे भी हैं जो बरसों से एक ही हल्का में पदस्थ है और वह अपने हल्के में इस तरह पैठ बना लिए है कि वह बाहुबली के रूप में कार्य कर रहे हैं इन सभी गतिविधियों को ध्यान में रखकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार तत्काल एक आदेश जारी करें ताकि सभी पंचायतो के किसानों को तहसील मुख्यालय तक न भटकना पड़े और सभी पटवारियो को एक बार फिर से इधर से उधर स्थानांतरण करने का आदेश जारी करें.

**पंचायतो में निर्धारित दिवसों में बैठें पटवारी**-ग्राम पंचायत में सप्ताह के दो दिन निर्धारित करके हल्का पटवारी की नियमित रूप से बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए. जिससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों को लेकर कई दिनों तक बताने की मजबूरी से निजात मिल सके कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों की अप समस्या के मध्य नजर ही हल्का पटवारियों को अपने ग्राम पंचायत में दो दिवस सप्ताह में बैठने के लिए आदेश जारी किए थे।

इसके बावजूद भी पटवारी अपने मुख्यालय पहुंचने से परहेज कर रहे हैं. ग्रामीणों की मांग है कि हल्का पटवारी को सप्ताह के दो दिन ग्राम पंचायत में बैठने के लिए फिर आदेश जारी किया जाए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जो भी हल्का पटवारी अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में सप्ताह के दो दिन नहीं बैठते हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो सके.

### राजस्व अधिकारियों की तय होनी चाहिए जिम्मेदारी

हल्का पटवारियो के ग्राम पंचायतो में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए जिससे ग्रामीणों को बिना किसी भटकाव के आसानी के साथ ग्राम पंचायतो में हल्का पटवारी से संबंधित कार्य करने में सुविधा मिल सके जिले में ग्रामीण जन काफी समय से यह मांग करते रहे हैं कि हल्का पटवारी के ग्राम पंचायत में निर्धारित दिवसों में बैठने के लिए जिला से आदेश जारी किया जाए .

# भागवत में बसते हैं भगवान के प्राण : आचार्य नवलेश

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 3 नवम्बर, समीपस्थ ग्राम सोहागी में एक सप्ताह से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का समापन चित्रकूट धाम भागवत पीठाधीश्वर आचार्य नवलेश दीक्षित के द्वारा सुखदेव जी एवं राजा परीक्षित के बीच हुए अंतिम संवाद की गूढ़ व्याख्या के साथ है हुआ.**



इस प्रसंग में भागवत कथा सुनने के पश्चात राजा परीक्षित को यह ज्ञान हुआ की वह केवल शरीर नहीं है बल्कि आत्मा है. आत्मा अजर अमर है और आत्मा कभी मर नहीं सकती. राजा परीक्षित को मृत्यु का कोई भय नहीं था. राजा परीक्षित भागवत के माध्यम से अपने आत्मस्वरूप को पहचान चुके थे. आचार्य नवलेश दीक्षित जी ने कहा कि भागवत में भगवान के प्राण बसते हैं, और भागवत सुनने के पश्चात व्यक्ति को यह एहसास हो जाता है कि वह केवल शरीर नहीं बल्कि आत्मा है और आत्मा के ऊपर किसी तरह का कोई बंधन नहीं रहता. कथा प्रसंग के माध्यम से आचार्य नवलेश जी? ने समाज की विकृतियां पर प्रकाश डालते हुए कहा मानव मन जब परमात्मा में विलीन हो जाता है तब वह समस्त दुखों से ऊपर उठ जाता है. उन्होंने कहा कि भागवत एक ऐसी विधा है जहां सब कुछ मिल जाता है. ग्राम सोहागी में एक सप्ताह से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा था. यहां आचार्य नवलेश दीक्षित जी के शिष्य एवं विद्वान कथावाचक आचार्य विनोद शुक्ला एवं द्वारा भागवत कथा का सारगर्भित वाचन किया गया एवं विद्वान आचार्य द्वारा मूल भागवत का पाठ एवं धार्मिक धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया. भागवत कथा को सुनने के लिए दूरस्थ अंचलों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा को श्रवण किया.

# देवउठनी एकादशी पर हनुमना में जगह-जगह हुए शालिग्राम तुलसी के विवाह

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 3 नवम्बर, देव उठनी एकादशी अर्थात छोटी दिवाली पर जहां समूचा नगर जगमगाती रोशनी एवं मिट्टी के दिए से अपने-अपने घरों में लोगों ने दिए जलाए.**

वही जगह-जगह तुलसी विवाह भगवान शालिग्राम के साथ विभिन्न मंदिर परिसरों तथा घरों में भी लोगों ने आयोजित कर खुशियां मनाएं बैंड बाजे के साथ कई जगह तुलसी का विवाह किए गए कुछ जगह तो बकायदे बारात निकाली गई. वहीं दूसरी ओर अपने-अपने प्रतिष्ठानों में जिन लोगों ने दीपावली की व धनतेरस पर लक्ष्मी पूजन नहीं कर पाए थे उन्होंने आज के दिन गणेश जी एवं लक्ष्मी जी का पूजन कर प्रसाद वितरण किये. लगातार 5 दिनों से हो रही बारिश केचलते पटाखे की बिक्री इस वर्ष बहुत कम हुई बेचारे पटाखा व्यवसायी जिस हिसाब से पटाखा लाए थे लगातार हो रही बारिश के चलते ना तो दुकान लगी ना ही बाजार में चहल-पहल कोई खास देखी गई देवउठनी एकादशी पर सकला जिसे शकरकंद भी कहते हैं तथा कच्चे सिंघाड़े की जमकर बिक्री हुई जहां 60 रुपए किलो तक सिंघाड़ा बिक गया वहीं 40 किलो शकरकंद की बिक्री मार्केट में हुई माना जाता है कि आज के दिन शकरकंद अवश्य खाना चाहिए इसलिए इस क्षेत्र में शकरकंद की बिक्री जमकर हुई. आज के दिन लोगों की मान्यता है कि जनगाथी अर्थातकुम्हड़ा का कतरा खाने की भी परंपरा इस क्षेत्र में मानी जाती है इस कारण किसान अपने घरों से बिक्री हेतु कुम्हड़ा अर्थात जनगाथी जिसे दिल्ली मथुरा आदि जगह सीताफल भी कहते हैं लाए थे जिसकी खूब बिक्री हुई.

# यातायात व्यवस्था बनाने हो रही कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 नवम्बर, मऊगंज जिले में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए यातायात प्रभारी नरेश सिंह चौहान के द्वारा नो एंट्री से लेकर दो पहिया वाहनों और बसों पर चलानी करवाई से मऊगंज में हड़कंप मचा हुआ है.**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नो एंट्री में कोई भी भारी वाहन शहर के अंदर आने पर उसे जुर्माना लगाया जाएगा यातायात प्रभारी ने बताया कि हर चौराहे पर कैमरा लगाया जाएगा जिससे सभी लोगों पर निगरानी की जाएगी. यातायात प्रभारी के द्वारा बसों पर भी चलानी कार्रवाई की गई. यातायात प्रभारी नरेश सिंह चौहान कई बार मां शारदा ट्रेवल्स को समझाया कि जो तुम्हारा टाइम हो उस टाइम में तुम जाया करो लेकिन यातायात प्रभारी की बातों को मां शारदा ट्रेवल्स अनदेखा कर रहा है. सैफ ट्रेवल्स के स्टाफ ने बताया कि उनके मालिक के द्वारा हमें धमकी भी दी जाती है कि अगर बस चलवाना हो तो हमारे नियम से चलाओ इसकी सूचना सैफ ट्रेवल्स के मालिक ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया है.

## एएसआई रनू निलंबित

गुढ़, 3 नवम्बर, गुढ़ थाना में पदस्थ सहायक सब इंस्पेक्टर रनू रावत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा खुलेआम भद्दी-भद्दी गालियां देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस के उच्चाधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है. इस कार्यवाही से यह संदेश गया है कि जिले के अधिकारी पुलिस व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के प्रति गंभीर हैं.

# उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सेमरिया, 3 नवम्बर, बसामन मामा गौवंश वन्य विहार जिले का सबसे बड़ा गौ संरक्षण केंद्र है जहां हजारों की संख्या में गौवंश संरक्षित हैं.**

अब बसामन मामा गौवंश वन्य विहार प्राकृतिक खेती का शोध व प्रशिक्षण केंद्र भी बन गया है जहां किसान प्राकृतिक खेती के गुण सीख रहे हैं. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्राकृतिक खेती के संबंध में किसानों को दिए जाने वाले पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन व परिवार के स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए प्राकृतिक खेती आवश्यक है. विकसित भारत व विश्वगुरु भारत का सपना तभी पूर्ण होगा जब स्वस्थ भारत होगा. उन्होंने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार की ढाई एकड़ जमीन आर्ट ऑफ लिविंग के प्राकृतिक खेती करने वाले प्रशिक्षकों को उपलब्ध कराई गई है जहां वह किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देकर उस जमीन में प्राकृतिक खेती से फसल उपजाकर किसानों को के सामने प्रस्तुत करेंगे. किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर इसे अपनाएं. श्री शुक्ल ने कहा कि किसानों को अपने पास उपलब्ध भूमि में से कुछ भाग में प्राकृतिक खेती करनी चाहिए.




प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला

# भाजपा सरकार में शिक्षा-स्वास्थ्य बेहाल : त्रिपाठी

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 नवम्बर, मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित उमेश त्रिपाठी ने देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के अमोखर में जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किया.**

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, और भाजपा सरकार जनता के मुद्दों से पूरी तरह विमुख हो चुकी है. पंडित त्रिपाठी ने तीखे शब्दों में कहा 'भाजपा सरकार में न अस्पतालों में डॉक्टर हैं, न स्कूलों में मास्टर भ्रष्टाचार अपने चरम पर है. भाजपा नेताओं को जनता की नहीं, सिर्फ अपने स्वार्थ की चिंता है. वे लाडली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को कुछ रुपए देकर बरगला रहे हैं, जबकि यह पैसा जनता का है, किसी भाजपा नेता की निजी कमाई नहीं.

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनकल्याण के नाम पर केवल दिखावा कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं. अस्पतालों में दवाएं नहीं, स्कूलों में शिक्षक नहीं, और किसान अपनी फसल के उचित दाम के लिए दर-दर भटक रहे हैं. कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भोला भारती, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रद्धा वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे. अब जनता ठान चुकी है झूठ, भ्रष्टाचार और नफरत की राजनीति नहीं चलेगी.

## धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए गुढ़ विधायक

गुढ़, 3 नवम्बर, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ग्राम पंचायत हरदुआ स्थिति ग्राम भटिगवां के रगनिया निवासी वेदमणि तिवारी के निवास पर आयोजित छोटी दीपावली के पावन बेला पर रामचरित मानस के समापन के बाद आयोजित भण्डारे पर पहुंचे और श्री तिवारी के निज निवास रगनिया में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए. इस अवसर पर अरविंद सिंह पप्पू, राजकुमार मिश्रा, राजू तिवारी, हीरामणि त्रिपाठी आदि मौजूद रहे.

# प्लास्टिक डिस्पोजल में गर्म चाय पिलाना स्वास्थ्य के लिए खतरा

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 नवम्बर, दुकानदार धड़ल्ले से प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलासों में उपभोक्ताओं को गर्म चाय पिला रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुका है.**

विशेषज्ञों के अनुसार गर्म चाय या अन्य गर्म पेय जब प्लास्टिक के गिलास में डाले जाते हैं, तो उसमें मौजूद हानिकारक रासायनिक तत्व पेय पदार्थ में घुल जाते हैं. यह धीरे-धीरे शरीर में ज़हर की तरह असर डालते हैं और दीर्घकाल में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं. यह मामला कई बार प्रशासन के संज्ञान में लाया गया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है. इसके चलते दुकानदार मनमानी तरीके से आम जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं. प्रशासन की उदासीनता के कारण यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है और उपभोक्ता अनजाने में अपनी सेहत को खतरे में डाल रहे हैं. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, डिस्पोजल प्लास्टिक में गर्म तरल पदार्थ डालने से उसमें मौजूद बिस्फिनोल-ए और अन्य कार्सिनोजेनिक (कैंसर पैदा करने वाले) रसायन पेय में मिल जाते हैं. हाल ही में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी , भोपाल ने भी इस विषय पर गंभीर चिंता जताई है. उन्होंने माना है कि प्लास्टिक डिस्पोजल में गर्म चाय या कॉफी देने से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और यह कैंसर जैसी बीमारियों को जन्म दे सकता है. सीएमएचओ कार्यालय द्वारा एक प्रेस नोट जारी कर दुकानदारों से अपील की गई है कि वे उपभोक्ताओं को प्लास्टिक गिलासों में गर्म पेय न परोसें. साथ ही आम जनता से भी अपील की गई है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और ऐसी चाय या कॉफी का सेवन न करें जो प्लास्टिक डिस्पोजल में दी जा रही हो.

# निर्वाचन एवं बीएलओ कार्य से मुक्त कराने सौंपा गया

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 नवम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत जहां ग्राम रोजगार सहायक संघ मनरेगा ग्राम रोजगार सहायक महासंघ के द्वारा एसडीएम हनुमना जनपद पंचायत सीईओ को निर्वाचन एवं बी0 एल0 ओ0कार्य से मुक्त करने का ज्ञापन दिया गया.**



उल्लेख किया गया है कि निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी विधानसभा 71 मऊगंज के आदेश क्रमांक 138/ निर्वाचन/070/2025 दिनांक 25 अक्टूबर 2025 के तहत रोजगार सहायक को निर्वाचन एवं बी0एल0ओ0का कार्य सोपा गया जबकि मध्य प्रदेश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा निर्वाचन कार्य से रोजगार सहायक को कार्य से मुक्त किया गया है जबकि इसके बावजूद रोजगार सहायक को बी0एल0ओ0 और निर्वाचन कार्य के लिए आदेशित किया गया है. जिसमें बी0 एल0 ओ0 कार्य से मुक्त करने की मांग की गई है जिसमें संघ के द्वारा बताया गया है कि दूसरे जिलों में रोजगार सहायकों को मुक्त किया गया है ग्राम पंचायत के कार्य को करने के लिए दिया गया है.

अगर समस्या का निराकरण नहीं होता है तो हम लोग कलम बंद करेंगे. संबंधित अधिकारी के द्वारा बताया गया है कि इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जाएगा.

समस्याओं को लेकर जहां संघ के ब्लॉक पदाधिकारी संजीव द्विवेदी के नेतृत्व में पत्र सौपा गया. इस दौरान रोजगार सहायक संघ के जिला अध्यक्ष निलेश शुक्ला, धर्मेंद्र गुप्ता, दीपक मिश्रा सोनू, दीपक चतुर्वेदी, अशोक, प्रजापति, मिथिलेश पटेल सभानारायण यादव, रामजी यादव लाल नारायण सिंह राम लल्लू सिंह रवि सेन सहित दर्जनों रोजगार सहायक शामिल रहे.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 3 नवम्बर, इंजी.( स्मृति शेष )संजय गुप्ता की याद में गठित समिति संजय गुप्ता स्मृति सेवा संस्थान गुढ़ द्वारा माह की प्रत्येक तीन तारीख को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व उपलब्ध दवाइयों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है.**

इसी तारतम्य में 23 वा नि:शुल्क शिविर तीन नवंबर 2025 दिन सोमवार को स्वामी विवेकानंद क्लीनिक गुढ़ में 37 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण ,जांच और नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया. स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता,डॉ. आरती गुप्ता,डॉ. आकांक्षा गुप्ता एवं डॉ.साक्षी गुप्ता द्वारा किया गया. अगला नि:शुल्क शिविर 3 दिसंबर 25 को आयोजित किया जाएगा.



# चित्रकूट से अमरकंटक तक हुई दीपमालाए

नवभारत न्यूज

**सतना 3 नवम्बर। देव प्रबोधिनी एकादशी के पावन दिवस पर जब संपूर्ण सृष्टि में देवता पुन: जाग्रत होते हैं, उसी शुभ घड़ी में श्रीराम पथ गमन के पावन मार्ग पर भक्ति, प्रकाश और संस्कृति का महा-संगम प्रस्फुटित हुआ।**

3,51,111 दीपों की ज्योति जब एक साथ प्रज्वलित हुई, तब यह केवल दीपों का उत्सव नहीं रहा, बल्कि वह क्षण हो गया जब चित्रकूट से अमरकंटक तक श्रीराम के चरणचिह्नों की स्मृति पुन: आलोकित हो उठी। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास द्वारा आयोजित यह 'दीपोत्सव पर्व-2025' न केवल श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि हमारी सभ्यता, आस्था और संस्कृति की वह अखंड ज्योति है जो पीढ़ियों से पीढ़ियों तक हमारे भीतर 'रामत्व' को उजागर करती रहेगी। दर्शन मात्र से ही भक्तों के दु:ख हर लेने वाली माँ शारदा की नगरी में आल्हा तलैया के पावन तट पर न्यास द्वारा 51000 दीपमालाओं के प्रकाश से मैहर नगरी जगमगा उठी। न्यास द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन मैहर के सहयोग से किया गया।

मैहर के नगरवासियों ने श्रद्धाभाव से एकादशी के अवसर दीप प्रज्जवलित कर माँ शारदा देवी और प्रभु श्रीरामचंद्र को अपनी श्रद्धा और भावांजलि अर्पित की। दीप प्रज्जवलन के साथ ही घाट पर 7 पूजारियों द्वारा माँ शारदा देवी की महाआरती की गई। महाआरती के लिए घाट को सजाया गया था। न्यास के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि न्यास का मुख्य उद्देश्य प्रभु श्रीरामचंद्र जी के जीवन आदर्शों को जन-जन तक संप्रेषित करना है। दीपोत्सव में सागर की साक्षी पटेरिया ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने माँ शारदा देवी को प्रणाम करते हुए प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी का आव्हान करते हुए गणेश भजन गाया। उनके मधुर वाणी से निकले राम नामी रूपी शब्द और भाव हर श्रोता के हृदय को भक्ति रस से भिगो रहे थे। भक्ति के इस क्रम को विस्तार देते हुए उन्होंने राम आएंगे... गीत गाकर कार्यक्रम को विस्तार दिया।

# मऊगंज अस्पताल अव्यवस्था का हो रहा शिकार

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 3 नवम्बर, जिले के कलेक्टर की अनदेखी कहे या उनकी कृपा का परिणाम है कि रीवा सीएमएचओ और नियम विरूद्ध कुर्सी में बैठाए गये बीएमओ ने सिविल अस्पताल में खतरनाक हाल भ्रष्ट व्यवस्था को बढ़ावा देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है.**

सिविल अस्पताल मऊगंज में बीएमओ सहित दो गायनिक चिकित्सक तब भी प्रसूताओं और उनके नवजात शिशुओं की जान जोखिम में, गायनिक सर्जन डॉक्टर रूपेश वर्मा ने इन मामलों पर सवाल के जबाव में कहा मैं जिस कार्य के लिए पदस्थ उससे अलग लग रही ड्यूटी. मऊगंज सिविल अस्पताल नाजुक दौर से गुजर रहा है,यहां पर लोगो की जान से खिलवाड़ किस तरह से हो रहा है उसका खुलासा बीते शुक्रवार को प्रसव उपरांत कुछ ही घण्टो में डिस्चार्ज महिला शोभा सोंधिया के घर पहुंचने के बाद नवजात शिशु की जान चली गई वहीं शोभा सोंधिया की हालत गम्भीर होने पर परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल ले आया गया जहां पर उन्होंने अस्पताल प्रबन्धन पर गम्भीर आरोप लगाए हैं दरअसल बीएमओ प्रद्युम्न शुक्ला खुद स्त्री एवं प्रसूति रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर हैं उनके साथ ही डॉक्टर रूपेश वर्मा भी स्त्री एवं प्रसूति रोग (एमएस) हैं. इन दो गायनिक के डॉक्टर होने के बावजूद प्रसूताओं की जान से खिलवाड़ किए जाने के पीछे सीएमएचओ की अनदेखी और बीएमओ की मनमानी व अराजक कार्यशैली है जिसके कारण मऊगंज सिविल अस्पताल भ्रष्ट व्यवस्था की भेंट चढ़ गया है.

प्रसूताओं की जान से खिलवाड़ को लेकर जब डॉक्टर रूपेश वर्मा से सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि सरकार ने उन्हें स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन के नाते यहां पर पदस्थ किया है लेकिन अस्पताल प्रबंधन उसका उपयोग नहीं करके जरनल ओपीडी या फिर इमरजेंसी ड्यूटी लगाई जा रही है इसकी जानकारी उन्होंने रीवा सीएमएचओ को दी है. इसलिए कल के मामले की उन्हें ज्यादा जानकारी नही खबरो में सुनी है वैसे महिला के प्रसव उपरांत जच्चा और बच्चा को उसी दिन डिस्चार्ज करने का कोई नियम नहीं तीसरे दिन डिस्चार्ज किया जाना चाहिए लेकिन यहां क्या चल रहा उन्हें पता नही जो भी महिलाओं से जुड़े मामले आते हैं वे गम्भीरता के साथ समुचित इलाज कर रहे हैं.

## पीएम आवास में गड़बड़ी करने वालों पर शिकंजा

गुढ़, 3 नवम्बर, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त करने के बाद भी भवन निर्माण कार्य नहीं कराने वाले हितग्राहियों के खिलाफ नगर परिषद गुढ़ द्वारा बड़ी कार्यवाही प्रारंभ की गई है. मुख्य नगर पालिका अधिकारी के एन सिंह ने ऐसे 74 लाभार्थियों की सूची जारी कर दी है जिनके द्वारा आवास निर्माण नहीं कराया गया है. शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के आधार पर अब इनसे वसूली की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. नगर परिषद द्वारा नोटिस जारी कर संबंधित हितग्राहियों को राशि लौटाने के निर्देश दिए जा रहे हैं. गड़बड़ी करने वालों से राशि की वसूली की जायेगी.